अनुक्रमांक ......................................  समय : 2.00 घण्टा

नाम ..............................................  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2016
## (वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## <u>वस्तुनिष्ठ प्रश्न</u>

**1.** 'दिवास्वप्न' पुस्तक के लेखक हैं- **(1)**

(A) गिजुभाई  (B) स्वामी विवेकानन्द
(C) महात्मा गाँधी  (D) सर्वपल्ली राधाकृष्णन

**2.** निम्नलिखित में से कौन सी अनौपचारिक शिक्षा की विशेषता है? **(1)**

(A) स्थान निश्चित नहीं होता  (B) समय निश्चित नहीं होता
(C) स्वतंत्र होती है  (D) उपर्युक्त सभी

**3.** संविधान में किस भाषा को 'राजभाषा' का दर्जा मिला है? **(1)**

(A) हिन्दी  (B) उर्दू
(C) अंग्रजी  (D) फारसी

**4.** "शिक्षा एक त्रिमुखी प्रक्रिया है।" यह कथन है- **(1)**

(A) जॉन लॉक का  (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर का
(C) जॉन डीवी का  (D) महात्मा गाँधी का

**5.** 'शिक्षा' शब्द का शाब्दिक अर्थ है- **(1)**

(A) अन्तर्निहित शक्तियों का विकास करना  (B) बहिर्मुखी शक्तियों का विकास
(C) शारीरिक विकास करना  (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** 'दूरवर्ती शिक्षा' को कहते हैं- **(1)**

(A) पत्राचार-शिक्षा  (B) दूरस्थ-शिक्षा
(C) स्वतन्त्र अध्ययन  (D) उपर्युक्त सभी

**7.** शिक्षण के तीन केन्द्र बिन्दु हैं- **(1)**

(A) अध्यापक, बालक और पाठ्यक्रम  (B) विषय, अध्यापक, श्यामपट्ट
(C) पुस्तकें, बालक और अध्यापक  (D) बालक, बालिकायें और अध्यापक

**8.** शिक्षण को रोचक और प्रभावशाली बना देती है- **(1)**

(A) चित्रकला  (B) विज्ञान
(C) शिक्षण में प्रयुक्त युक्तियाँ  (D) लेखन की कला

**9.** "शिक्षा एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा बालक अपनी जन्मजात शक्तियों को अभिव्यक्त करता है", यह कथन है- **(1)**

(A) जॉन डीवी का  (B) रूसों का
(C) फ्रॉबेल का  (D) मॉण्टेसरी का

**10.** मारिया मॉन्टेसरी भारत आई- **(1)**

(A) 1909 में  (B) 1919 में
(C) 1929 में  (D) 1939 में

**11.** 'जनसंख्या शिक्षा' में सबसे अधिक उत्तरदायित्व है- **(1)**

(A) अभिभावकों का (B) समाज का

(C) शिक्षकों का (D) राष्ट्र का

**12.** शिक्षा के अधिकार के क्रियान्वयन की प्रमुख चुनौती है- **(1)**

(A) प्रशिक्षित शिक्षकों का अभाव (B) दोषपूर्ण पाठ्यक्रम

(C) शासकीय उदासीनता (D) उपर्युक्त सभी

**13.** पाठयोजना का निर्माण आवश्यक है- **(1)**

(A) छात्रों को पढ़ने हेतु (B) छात्रों को भटकाने हेतु

(C) शिक्षक को छात्र के विषय में सूचित करने हेतु (D) शिक्षण को योजनाबद्ध करने हेतु

**14.** परिवार के द्वारा बालकों को प्राप्त होती है- **(1)**

(A) जीवन व्यवहार की शिक्षा (B) पारस्परिक सहयोग की शिक्षा

(C) जीविकोपार्जन की शिक्षा (D) उपर्युक्त सभी

**15.** वैदिक कालीन (गुरुकुल) शिक्षा किस जीवन दर्शन पर आधारित थी- **(1)**

(A) प्रकृतिवाद (B) आदर्शवाद

(C) समाजवाद (D) व्यवहारवाद

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** टैगोर को किस धारणा में विश्वास था? **(1)**

**17.** फ्रॉबेल की किन्हीं दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए। **(1)**

**18.** 'जनसंख्या शिक्षा' की कोई एक परिभाषा लिखिए। **(1)**

**19.** 'दूरस्थ शिक्षा' की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। **(1)**

**20.** 'अनौपचारिक शिक्षा' के उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**21.** 'मल्टीमीडिया' क्या है? **(1)**

**22.** 'वैदिक कालीन शिक्षा' की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए। **(1)**

**23.** 'आदर्शवाद' के प्रमुख प्रवर्तकों के नाम लिखिए। **(1)**

**24.** स्वामी विवेकानन्द के बचपन का नाम लिखिए। **(1)**

**25.** टैगोर ने 'शान्ति निकेतन' विद्यालय की स्थापना कब और कहाँ की? **(1)**

**26.** 'जनसंख्या शिक्षा' का मुख्य लक्ष्य बताइये। **(1)**

**27.** 'पर्यावरण-प्रदूषण' का अर्थ बताइये। **(1)**

**28.** 'बुनियादी शिक्षा' का प्रारम्भ किसने किया ? **(1)**

**29.** 'प्लेटो' द्वारा स्थापित संस्था का नाम क्या था? **(1)**

**30.** 'राज्य' से क्या अभिप्राय है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** "शिक्षा एक त्रिभुजी प्रक्रिया है।" स्पष्ट कीजिये। **(2)**

**32.** 'वैदिक कालीन शिक्षा' की विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**33.** 'प्रयोजनवाद' के किन्हीं चार गुण एवं उनके दोषों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**34.** शिक्षक और शिक्षार्थी के सम्बन्ध में रवीन्द्रनाथ टैगोर के विचारों को संक्षेप में लिखिए। **(2)**

**35.** जल-प्रदूषण को नियन्त्रित करने के किन्हीं चार उपायों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**36.** 'पर्यावरण-संरक्षण' में विद्यालय की भूमिका के बारे में लिखिए। **(2)**

**37.** बाल-श्रम किस प्रकार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा में बाधक है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**38.** सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा, शिक्षक एवं विद्यालयों की भूमिका पर अपने विचार लिखिये। **(2)**

**39.** फ्रॉबेल के अनुसार शिक्षा के क्या उद्देश्य हैं? **(2)**

**40.** जनसंचार माध्यमों की बढ़ती भूमिका एवं उसके प्रभावों को अपने शब्दों में लिखिए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/2016

2. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

3. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin

YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN